## कार्यपत्र-3

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) शब्दों को कितने आधार पर बाँटा जाता है? (i) चार ✓

(ख) समान अर्थ को प्रकट करने वाले शब्द कहलाते हैं– (i) समानार्थी ✓

(ग) हिंदी भाषा में कौन-से शब्द ज्यों-के-त्यों आ गए हैं? (i) तत्सम शब्द ✓

(घ) दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने शब्द कहलाते हैं– (ii) यौगिक शब्द ✓

(ङ) इनमें से प्रयोग के आधार पर शब्द-भेद कौनसा है? (iii) विकारी शब्द ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) वर्णों का सार्थक समूह शब्द कहलाता है। जैसे– गुलाब, कमल, पुस्तक आदि।

(ख) रचना के आधार पर शब्द के तीन भेद हैं– रूढ़, यौगिक, योगरूढ़।

रूढ़ शब्दों के खंडों का अर्थ नहीं होता।

यौगिक शब्द दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बनते हैं।

योगरूढ़ शब्द यौगिक तो होते हैं परंतु ये किसी विशेष अर्थ के लिए प्रयुक्त होते हैं।

(ग) जिन शब्दों का प्रयोग किसी सामान्य अर्थ में सदा से होता आया है तथा जिनके खंडों का कोई अर्थ नहीं होता, उन्हें रूढ़ शब्द कहते हैं। जैसे– आदमी, पुस्तक आदि।

(घ) संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिंदी भाषा में ज्यों-के-त्यों आ गए हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। जैसे– गृह, अग्नि, सूर्य आदि।

(ङ) जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन और कारक के अनुसार परिवर्तित नहीं होते, वे अविकारी शब्द कहलाते हैं। क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक अविकारी शब्द हैं।

**3. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्‌भव रूप लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | दुग्ध | दूध | (ख) | अश्रु | आँसू |
| (ग) | ग्राम | गाँव | (घ) | निद्रा | नींद |
| (ङ) | भ्राता | भाई | (च) | काक | कौआ |
| (छ) | अस्थि | हड्‌डी | (ज) | हस्त | हाथ |
| (झ) | कंटक | काँटा | (ञ) | घोटक | घोड़ा |

**4. निम्नलिखित के दो-दो उदाहरण लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | रूढ़ शब्द | – | पुस्तक | घोड़ा |
| (ख) | यौगिक शब्द | – | रसोईघर | पाठशाला |
| (ग) | योगरूढ़ शब्द | – | गजानन | हिमालय |
| (घ) | देशज शब्द | – | पगड़ी | ठेला |
| (ङ) | विदेशी शब्द | – | स्टेशन | कॉफ़ी |